i:lkj Hkkjrh

Hkkjrh; i:lkj.k fuxe

vkdk'kok.kh dUæ f'keyk

27-02-2025@i:knf'kd lekpkj@ -00 !"

e#kdHk

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ कल महाशिवरात्रि के स्नान के साथ समाप्त हो गया। 45 दिन के इस आध्यात्मिक महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। महाकुंभ में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, विदेशी प्रतिनिधि, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल और मुख्यमंत्री तथा कई केंद्रीय मंत्री सहित प्रमुख हस्तियों ने पवित्र डुबकी लगाई।

महाकुंभ मेला क्षेत्र में भारतीय वायु सेना के एयर शो के साथ–साथ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा ने श्रद्धालुओं को एक दिव्य अनुभव दिया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी श्रद्धालुओं, संतों और कल्पवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाकर पूरी दुनिया को राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण का संदेश दिया है।

e&h'f'kojkf(

मंडी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव आज भव्य शोभा यात्रा के साथ आधिकारिक रूप से शुरू होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। कल मण्डी में लघु जलेब और शिव की बारात निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 5 मार्च को महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी ज़िला

उधर, कांगड़ा ज़िले के बैजनाथ में 5 दिवसीय राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव कल से शुरू हो गया है। इस दौरान इंदिरा गांधी मैदान में शोभा यात्रा निकाली गई जिसकी अगुवाई तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने की। उन्होंने लोगों को शिवरात्रि महोत्सव की शुभकामनाएं दीं और झंडा फैहराने की रस्म अदा की।

j"uh ikf)y

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी बनने के बाद रजनी पाटिल कल शिमला आ रहीं हैं। कांग्रेस प्रभारी बनने के बाद वह पहली बार शिमला पहुंच रही है। वह कल सुबह करीब साढे दस बजे पार्टी कार्यालय पहुंच कर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ अलग अलग बैठक कर सरकार और संगठन से जुडे काम काज की जानकारी लेंगी। इस दौरान वह मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पार्टी प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मंत्रिमंडल के सदस्यों, विधायकों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगी। रजनी पाटिल पार्टी के सभी नेताओं से जानकारी लेने के बाद अपनी रिपोर्ट तैयार कर उसे पार्टी हाईकमान को सौंपेगी। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी की रिपोर्ट के आधार ही पीसीसी की नई कार्यकारिणी के गठन की जल्द संभावना जताई जा रही है।

ek'le

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते जनजातीय ज़िलों सहित राज्य की ऊंची चोटियों पर बीती रात से रूक–रूक हल्का हिमपात हो रहा है जबकि राजधानी शिमला सहित अन्य भागों में वर्षा का क्रम रूक रूक कर जारी है। मौसम में बदलाव के चलते लाहौल स्पीति, किन्नौर, चंबा और शिमला जिले की कई ऊंची चोटियों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। हिमाचल के ऊपरी इलाकों में ऑरेंज अलर्ट के बीच बुधवार को भारी बर्फबारी–बारिश से अटल टनल सहित दो राष्ट्रीय उच्च मार्ग और 211 सड़कों पर यातायात बंद रहा। लाहौल में एक फीट तक बर्फबारी से जिले के 90 फीसदी गांवों में बिजली ठप्प है।

i)okjh dkuuxk l,k

पटवारी कानूनगो की स्टेट कॉडर बनाने को लेकर नाराज चल रहे पटवारी कानूनगो आज भी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इससे प्रदेश में आज भी लोगों के राजस्व संबंधी और प्रमाणपत्र बनने संबधी काम प्रभावित रहेंगे। प्रदेश संयुक्त पटवारी व कानूनगो महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश चौधरी ने बताया कि अगर सरकार आज उन्हें वार्ता के लिए नहीं बुलाती है तो वह कल से पैन डाउन स्ट्राइक करेंगे। महासंघ पटवारी कानूनगो को स्टेट कॉडर से संबंधित अधिसूचना को वापस लेने और अपनी लंबित मांगों को पूरी करने की मांग कर रहा है।

depkjh

हिमाचल प्रदेश वन विभाग में कई वर्षों से रिक्त पड़े मिनिस्ट्रियल स्टाफ की कमी पर हिमाचल प्रदेश वन बल मुखिया समीर रस्तोगी ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि किसी भी विभाग में कर्मचारी अहम भूमिका निभाते हैं। कल वन विभाग मुख्यायालय के सभागार में हिमाचल प्रदेश कर्मचारी महासंघ की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कर्मचारियों की भारी कमी विभाग की कार्यकुशलता पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश वन विभाग कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रकाश बादल ने कर्मचारियों की अनेक मांगों को बैठक में रखा ।

————————————————————